C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 152 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार ,20 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## चुनाव आयोग पर पक्षपात के आरोप, गहलोत बोले राजस्थान में रोक, बिहार में छूट... यह कैसी निष्पक्षता?

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि आयोग की कार्रवाई राज्यों में अलग-अलग नज़र आती है, जिससे उसकी निष्पक्षता संदेह के घेरे में है। गहलोत ने आरोप लगाया कि राजस्थान में चुनाव जैसे ही नज़दीक आते हैं, जनकल्याणकारी योजनाओं पर तत्काल रोक लगा दी जाती है, वहीं बिहार में मतदान से ठीक पहले लिए गए बड़े आर्थिक फैसलों पर आयोग चुप्पी साधे रहता है।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान सरकार ने बजट 2022 में 1 करोड़ 25 लाख महिलाओं को मोबाइल देने की योजना शुरू की थी, लेकिन दिसंबर 2023 में चुनाव घोषणा होते ही वितरण रोक दिया गया, जबकि सरकार महज़ 30-40% महिलाओं तक ही मोबाइल पहुंचा पाई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों की पेंशन पर रोक लगने से लाखों लोग प्रभावित हुए, जबकि इसी तरह के कदम बिहार में बिल्कुल अलग परिणाम के साथ देखे गए। गहलोत का दावा है कि बिहार में मतदान से एक दिन पहले 400 रुपये बढ़ाकर पेंशन 1100 रुपये कर दी गई और महिलाओं के खातों में 10 हजार रुपये तक भेजे गए– लेकिन आयोग ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना।

गहलोत ने सवाल उठाया कि 'राजस्थान में हमारी योजनाएं गैरकानूनी कैसे हो गईं, और बिहार में ये फैसले वैध कैसे? '

भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के बयान का जवाब देते हुए गहलोत ने कहा कि इनके अमित शाह भी यही भाषा बोलते हैं, ये भी वही बोल रहे हैं... इन्हें भरोसा हो गया है कि फाउल खेलकर किसी भी चुनाव को मोड़ा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्क्क देशभर में धन-बल के दम पर राजनीतिक माहौल प्रभावित कर रही है और बड़े-बड़े दफ़्तर खड़े कर रही है, जिससे चुनावी प्रक्रिया का संतुलन बिगड़ रहा है। इसके साथ ही गहलोत ने चुनाव आयोग पर स्ढ्क्र (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब स्ढ्क्र को लेकर याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तब आयोग द्वारा 12 राज्यों में इसे लागू करना कानूनी प्रक्रिया और निष्पक्षता दोनों पर सवाल खड़ा करता है। गहलोत का कहना था कि आयोग के हाल के निर्णय लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के भरोसे को कमजोर कर रहे हैं और आवश्यक है कि इसकी स्वतंत्र समीक्षा हो, ताकि लोकतंत्र मजबूत और पारदर्शी बना रहे।

## अवैध बजरी माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई: पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त, लाखों का जुर्माना



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

अवैध खनन और बजरी परिवहन पर नकेल कसते हुए थाना पुलिस ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोली के पास से अवैध बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया गया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गश्त के दौरान संदिग्ध रूप से बजरी से भरे वाहनों तक पहुँची। पूछताछ में जब चालकों से दस्तावेज और अनुमति पत्र मांगे गए तो वे संतोषजनक जवाब पेश नहीं कर सके, जिसके बाद दोनों वाहनों को तुरंत ज़ब्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया।

इसके बाद मामले की सूचना माइनिंग विभाग को भेजी गई। विभाग के फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अवैध परिवहन करते हुए पाए गए । जिसमे प्रत्येक ट्रैक्टर ट्रॉली पर 1,28,601 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। मीणा में बताया कि अग्रिम कार्रवाई जारी है। वही पुलिस की इस कड़ी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन और बजरी परिवहन में संलिप्त तत्वों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

## एरोड्रम सर्किल पर गैस चेंबर से उठी लपटें, कोटा में मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



एरोड्रम सर्किल के पास बुधवार दोपहर गैस चेंबर से अचानक उठी हल्की आग की लपटों ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। सर्किल पर हुए घटनाक्रम को मौके पर मौजूद ट्रैफिक हेड कॉन्स्टेबल द्वारका लाल ने देखा और तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस, नगर निगम फायर ब्रिगेड और गेल गैस कंपनी की टीम तेजी से मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार घटना स्थल के पास ट्रैफिक पुलिस की गुमटी लगी हुई है। घटना के समय कुछ ऑटो ड्राइवर वहां खड़े थे। हेड कॉन्स्टेबल द्वारका लाल ने बताया कि जैसे ही ऑटो ड्राइवरों को हटाने गया, पास के गैस चेंबर से अचानक आग की हल्की लपटें दिखाई दीं। स्थिति को संभावित खतरा मानते हुए तुरंत क्षेत्र खाली कराया गया और सुरक्षा घेरा बनाया गया।

सूचना मिलते ही जवाहर नगर थाना पुलिस, नगर निगम का अग्निशमन दस्ता और गैस लाइन संभालने वाली गेल गैस कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फायर टीम ने एहतियातन क्षेत्र को सुरक्षित कर कार्य प्रारंभ किया।

गेल गैस कंपनी के अधिकारी आनंद आर्य ने बताया कि गैस लाइन पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड से होकर झालावाड़ रोड और सीएडी सर्किल की ओर जाती है। आग की सूचना मिलते ही कंपनी की तकनीकी टीम को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर घबराने की बात नहीं है। गैस लाइनों में कभी-कभी तकनीकी गड़बड़ियां हो जाती हैं, लेकिन वास्तविक कारण जांच के बाद ही सामने आएगा।

घटना के बाद सर्किल क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि समय रहते पुलिस और तकनीकी टीम की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रशासन ने एहतियातन कुछ समय तक आसपास के ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया।

घटना के कारणों की तकनीकी जांच जारी है और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी



**भीलवाड़ा फोकस @ आसिंद ।**

शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब से भरी ईको कार को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी मोतीलाल ने बताया की 18 नवंबर को गश्त के दौरान पुलिस भगतपुरा से आमेसर मार्ग पर पहुंची , जहाँ बंक्याराणी माताजी मंदिर चौराहे के पास एक संदिग्ध ईको गाड़ी दिखाई दी, जिसकी डिग्गी में शराब के कार्टून भरे हुए नजर आए। पुलिस ने वाहन को रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम महेन्द्र मेवाड़ा निवासी बरसनी बताया। वैध लाइसेंस और परमिट मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को रम, व्हिस्की, मैजिक मोमेंट और रॉयल स्टैग ब्रांड की अंग्रेजी शराब के कई कार्टन मिले, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अवैध शराब परिवहन का मामला दर्ज किया है।


## देशभर में बढ़ते आतंकी खतरे के बीच राजस्थान पुलिस अलर्ट मोड पर

### डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने उच्चस्तरीय क्राइम रिव्यू मीटिंग में दिए कड़े निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

देश में आतंकवादी गतिविधियों की बढ़ती हलचल को देखते हुए राजस्थान पुलिस अब पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने राज्यभर के आला पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल क्राइम रिव्यू मीटिंग ली, जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सूरत में सुरक्षा चूक बर्दाश्त नहीं होगी और राज्य को उच्च सतर्कता पर रखा जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस अहम बैठक में सभी रेंज के आईजी, जिला एसपी, डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) संजय अग्रवाल, डीजी (स्पेशल ऑपरेशन) आनंद श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान डीजीपी ने कानून-व्यवस्था, साइबर क्राइम, नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों की गतिविधियों, सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण सहित कई मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की।



बैठक में डीजीपी शर्मा ने कहा कि हाल ही में देश में हुई आतंकी घटनाएँ चिंता का विषय हैं और राजस्थान जैसे संवेदनशील राज्य में एक क्षण की भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। उन्होंने जिलों को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, बॉर्डर क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई जाए। उन्होंने तकनीक का अधिकतम उपयोग करने, सीसीटीवी फुटेज की निगरानी बढ़ाने और अभय कमांड सेंटर को मजबूत करने पर जोर दिया।

अवैध हथियारों व नशे के नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई का आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और इन पर शून्य सहनशीलता की नीति लागू रहेगी। भ्रष्टाचार के मामलों पर भी डीजीपी ने साफ संदेश दिया कि पुलिस संगठन में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

टूरिस्ट सीजन को देखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजस्थान आने वाले यात्रियों को सुरक्षित वातावरण और त्वरित सहायता मिलनी चाहिए, जिससे राज्य की छवि और मजबूत हो।

बैठक के अंत में डीजीपी शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने, जनता के प्रति संवेदनशील रहने और राज्य में कानून-व्यवस्था को चुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम राजस्थान पुलिस हर चुनौती से मुकाबला करने में सक्षम है, बस जरूरत चौकसी, समन्वय और तेजी की है।

## उपखंड कार्यालय विलय की आशंका पर कस्बे में रोष, अधिवक्ताओं-कांग्रेस के ज्ञापनों और विधायक के बयान से क्षेत्रवासी असमंजस में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




मांडलगढ़ में उपखंड कार्यालय के संभावित विलय को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तेज़ होता जा रहा है। पिछले दो दिनों से अधिवक्ताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार ज्ञापन सौंपकर इस प्रस्तावित निर्णय का कड़ा विरोध किया जा रहा है। उनका कहना है कि उपखंड कार्यालय का विलय क्षेत्र की प्रशासनिक सुविधाओं पर सीधा प्रभाव डालेगा और आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

इधर, विधायक द्वारा विलय को भ्रामक सूचना बताया गया है । जिससे लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि विलय की कोई प्रक्रिया नहीं चल रही, तो बार-बार इस तरह की चर्चाएं क्यों सामने आ रही हैं? कस्बे के निवासी संजय ने कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया देते हुए कहा क्या फिरकी ली जा रही है? जनता का आरोप है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तरफ से स्पष्ट और आधिकारिक बयान न मिलने के कारण असमंजस की स्थिति लगातार बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उपखंड कार्यालय के भविष्य को लेकर सरकार जल्द से जल्द स्पष्ट घोषणा करे, ताकि अफवाहों का दौर बंद हो और जनता के मन में शांति स्थापित हो सके।

कस्बे में इस मुद्दे पर लगातार चर्चाएं जारी हैं और लोगों का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो वे बड़े विरोध प्रदर्शन के लिए भी तैयार हैं।

## अवैध बजरी परिवहन के दौरान एस्कॉर्ट करती कार सहित दो डम्पर जब्त, एक गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**

अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान तीन वाहनों को जब्त किया है । इनमें से दो डम्पर अवैध बजरी से भरे हुए थे , जिन्हें एस्कॉर्ट करती हुई एक स्विफ्ट कार पकड़ी गई। कार्रवाई के दौरान एक डम्पर चालक सोनु कुमार पुत्र रामदेव योगी (20 वर्ष), निवासी कछनारिया, हिंडोली, बूंदी को मौके से गिरफ्तार किया गया। अन्य दो वाहन चालक मौके से फरार हो गए।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## जिला अस्पताल फिर बना जेबकतरों का अड्डाः बुजुर्ग का मोबाइल चुराने वाले दो युवक रंगे हाथों पकड़े, भीड़ ने की जमकर पिटाई

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**



जिला अस्पताल में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच बुधवार को एक और वारदात को अंजाम देने का प्रयास नाकाम साबित हुआ। इलाज कराने आए एक बुजुर्ग का मोबाइल चोरी करने वाले दो युवक इस बार अस्पताल में तैनात होमगार्ड की सतर्क निगाह और लोगों की तत्परता के चलते मौके पर ही धर दबोचे गए। चोरी साबित होने पर गुस्साई भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी, जिसके बाद उन्हें पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

गौरतलब है की अस्पताल परिसर में बीते कुछ महीनों से जेबकतरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कभी मरीजों के मोबाइल गायब हो जाते हैं, कभी वाहनों पर हाथ साफ कर लिया जाता है और कई बार जेबकतराशियां भी सुर्खियां बनती रही हैं। बुधवार को बबराणा निवासी बुजुर्ग कैलाश इसी अव्यवस्था के शिकार बने। वह कमरा नंबर 13 के बाहर पर्ची पर नंबर लगवाने के लिए कतार में खड़े थे, तभी किसी उचक्के ने उनकी जेब से मोबाइल साफ कर दिया। दवा लेने पहुंचे तो जेब खाली मिली और मोबाइल कॉल करने पर स्विच ऑफ मिला। घबराए कैलाश ने इधर-उधर तलाश शुरू की।

उधर, अस्पताल में तैनात एक होमगार्ड की नजर दो संदेहास्पद युवकों पर गई, जो पहले भीड़ के बीच इधर-उधर मंडरा रहे थे। उसने दोनों को रोका और पूछताछ की। तभी मोबाइल खोजते हुए कैलाश भी वहां पहुंच गए। संदेह के आधार पर दोनों युवकों की तलाशी ली गई तो उनकी जेब से दो मोबाइल मिले, जिनमें से एक कैलाश का था। मोबाइल की पहचान होते ही भीड़ बेकाबू हो गई और दोनों संदिग्धों की धुनाई कर दी। होमगार्ड ने स्थिति संभालते हुए दोनों को भीमगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या ये युवक किसी संगठित चोरी गिरोह से जुड़े हैं और क्या अस्पताल में हाल ही में हुई अन्य वारदातों में भी शामिल रहे हैं। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने अस्पताल परिसर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीजों और परिजनों ने प्रशासन से गश्त बढ़ाने और निगरानी मजबूत करने की मांग की है, ताकि अस्पताल इलाज का स्थान रहे, चोरों का नहीं।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को आदर्श राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सवाईपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विभागीय कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राजवीर कंजर ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों का समन्वित सहयोग जरूरी है। उन्होंने सभी टीमों से कहा कि आपसी तालमेल से अभियान को सफल बनाएं। प्रोग्राम मैनेजर रमेश धाकड़ और डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि रतनलाल ने भी व्यवस्था का जायजा लिया। डॉ. कंजर ने बताया की , राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।

## प्रबंध निदेशक बोहरा से मिले विधायक मीणा , किसानों की कर्ज माफी सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने बुधवार को अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल के साथ राजफेड के प्रबंध निदेशक टीकमचंद बोहरा से मुलाकात कर किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्षेत्र की सहकारी समितियों की स्थिति, सदस्यों की समस्याओं और किसानों की कर्ज माफी से जुड़े मामलों पर विशेष रूप से बात हुई।

विधायक मीणा ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को सहकारी समितियों से जुड़े कई प्रकरणों में राहत की जरूरत है और कर्ज माफी को लेकर किसानों में लंबे समय से अपेक्षा बनी हुई है। इस पर प्रबंध निदेशक बोहरा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि किसानों के हित में शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे।

इस मौके पर विधायक मीणा के साथ बस्सी के पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट सहित प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## घटिया सिवरेज कार्य की पोल खुलीः धंसी सड़क, ट्रक फंसा-मंदिर के पास मची अफरा-तफरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





पुलिस लाइन क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शिव मंदिर के ठीक सामने से गुजर रहा गेहूं से भरा ट्रक अचानक जमीन में धंस गया। ट्रक एक ओर बुरी तरह झुक गया, लेकिन पलटा नहीं जिससे वहाँ मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। वरना ट्रक के पलटते ही बड़ा हादसा होने के साथ मंदिर परिसर को भी भारी नुकसान पहुंच सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सामान्य गति से आगे बढ़ रहा था, तभी उसके पिछले टायर सड़क धंसने के साथ भीतर बैठ गए। देखते ही देखते ट्रक का पिछला हिस्सा झुक गया और चालक ने किसी तरह गाड़ी को रोककर बाहर छलांग लगाई।

स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर सीवरेज लाइन के निकृष्ट निर्माण को हादसे की जड़ बताया। उनका कहना था कि क्षेत्र में हाल ही में हुए सिवरेज कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब रही है और इसी के चलते सड़क अंदर से खाली हो चुकी थी। घटना के बाद भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। फिलहाल ट्रक को क्रेन की मदद से निकालने की कोशिशें जारी हैं, जबकि लोग इस बात से नाराज हैं कि लापरवाही का यह सिलसिला अगर ऐसे ही चलता रहा, तो किसी दिन बड़ा हादसा अवश्य घट सकता है।

## किराना व्यापारी से 9.90 लाख छीनने की वारदात का खुलासा , लूट का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में बनाई गई टीम द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है । घटना बीती 2 सितंबर की रात की है, जब शास्त्रीनगर निवासी धर्मदास मगनानी अपने पुत्र सुनील के साथ मीना मार्केट स्थित अपनी दुकान बंद कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे अपने घर के बाहर पहुंचे, एक सफेद स्विफ्ट कार में सवार 6-7 बदमाशों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने धर्मदास पर लाठियों से प्रहार किया, जिससे उनकी स्कूटी गिर गई और डिक्की खुलने से 9 लाख 90 हजार रुपये से भरा बैग बाहर गिर पड़ा। बदमाश बैग छीनकर कार में फरार हो गए। पिता-पुत्र दोनों इस हमले में घायल हुए और शोर मचाने पर मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी कार लेकर भाग चुके थे। पीड़ित ने रिपोर्ट में दो बदमाशों को पहचानने की बात कही है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने लगातार दबिशें दीं और वार्ड 13 शिवपुरी मोहल्ला, हुरड़ा निवासी 23 वर्षीय दिलखुश तेली उर्फ दिलशा को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है और उनसे जुड़े सुरागों पर काम किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार प्रयास जारी है।



# लखमणियास कबड्डी प्रतियोगिता - बनकाखेड़ा ने आखरी मिनट में पौड़रास को एक अंक से दी मात

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के लखमणियास गांव में आयोजित रात्रिकालीन वीर तेजा कबड्डी प्रतियोगिता के चौथे दिन मंगलवार रात्रि को पांच मुकाबले खेले गए, जिसमें आदर्श नगर भीलवाड़ा, मेजबान लखमणियास, बनकाखेड़ा, कोटड़ी, भीलवाड़ा की टीमें विजेता रही । ग्रामीण कालूलाल जाट ने बताया कि वीर तेजा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गांव में तेजाजी चौक में हो रहा, वीर तेजाजी महाराज गौशाला समिति के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित हो रही



।शनिवार से चल रही प्रतियोगिता में मंगलवार रात्रि को पहला मुकाबला आदर्श नगर भीलवाड़ा बनाम हलेड़ के बीच खेला गया, जिसमें आदर्श नगर भीलवाड़ा 50-36 अंकों से विजेता बनी । दुसरा मुकाबला मेजबान लखमणियास बनाम श्री नगर के बीच खेला गया, जिसमें मेजबान लखमणियास 26-15 अंकों से विजेता हुई । तीसरा मुकाबला पौड़रास बनाम बनकाखेड़ा के बीच खेला गया, कांटे की टक्कर वाले इस मुकाबले का नतीजा आखिरी मिनट में निकाला, जिसमें बनकाखेड़ा ने पौड़रास को एक अंक से पराजित करते हुए, 36-35 से विजय रहा । चौथा मुकाबला कोटड़ी बनाम कालांश के बीच खेला गया, जिसमें कोटड़ी 39-19 से जीती । पांचवां मुकाबला भीलवाड़ा बनाम कोटड़ी के बीच खेला गया, जिसमें भीलवाड़ा 37-28 से विजय हुआ ।।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा द्वारा 'न्याय आपके द्वार' विशेष अभियान का शुभारंभ

## स्थायी लोक अदालतें आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम: अभय जैन

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाडा।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 3 माह का विशेष 'रालसा नवाचार अभियान' शुरू किया गया है। अभियान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा अभय जैन तथा सचिव विशाल भार्गव द्वारा 'न्याय आपके द्वार' विषयक जन-जागरूकता पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने बताया कि राजस्थान में संचालित स्थायी लोक अदालतें आमजन की लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन चुकी हैं। उन्होंने कहा की यहां लंबे मुकदमे, विस्तृत साक्ष्य या तकनीकी प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं। पक्षकारों में आपसी सुलह के आधार पर विवादों का समाधान होता है। विपक्षी की अनुपस्थिति में भी गुण-दोष के



आधार पर आदेश दे सकती है। निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होता है इस पर कोई अपील नहीं। प्रक्रिया पूर्णत निःशुल्क होती है और वकील की आवश्यकता नहीं। क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान है। स्थायी लोक अदालत में जल आपूर्ति, बिजली, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास/नगर निकाय, बैंकिंग/बीमा, शैक्षिक सेवाएं, सहित एलपीजी, कचरा प्रबंधन, आवारा पशु, नगरीय स्वच्छता से संबंधित विवादों का निस्तारण करती हैं। विशेष अभियान अवधि में रालसा ने सभी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ एवं जनहितकारी बनाया है। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष राजेश शर्मा एडवोकेट ने आम जनता से सक्रिय रूप से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन की समस्याओं चाहे बिजली, पानी, बैंकिंग, आवास, परिवहन या अन्य सेवाएं हों, इनके त्वरित समाधान के लिए स्थायी लोक अदालतें अत्यंत प्रभावी मंच हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनहित में जिला अभिभाषक संस्था सदैव जनता की मदद के लिए तत्पर है तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। सचिव विशाल भार्गव ने स्कूलों की बाल वाहिनी वाहनों में सुरक्षा सुनिश्चित कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा व आवश्यक सुविधाओं को लेकर जागरूकता एवं जिम्मेदारी दोनों अनिवार्य हैं और विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में निरंतर कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीशगण, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े सदस्यगण, न्यायिक कर्मचारी एवं अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अशोक जैन एडवोकेट द्वारा किया गया।

# रास्ते की बदहाली से ग्रामीण परेशान, सुधार नहीं होने पर वोट बहिष्कार की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नेशनल हाईवे 758 के पास स्थित कारोई ग्राम पंचायत के कारोई खुर्द में मुख्य रास्ते की खराब हालत से ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। रास्ते में गहरे खड्डे, कीचड़ और लगातार भरा गंदा पानी लोगों के दैनिक जीवन को दूभर बना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न सफाई होती है, न रास्ते की मरम्मत। पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्कूल के बच्चे रोज़ाना





कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं और ड्रेस-किताबें खराब हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता और नाली मरम्मत पर लाखों का बजट आने के बावजूद धरातल पर कोई काम नहीं दिखता। मजबूर होकर ग्रामीणों ने अपने खर्चे से ग्रेवल डालकर रास्ते को अस्थायी रूप से ठीक किया।

लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आने वाले पंचायत चुनाव में पूरे गांव के लोग मतदान का बहिष्कार करेंगे।

# आरएएस चयनित हेमा धाकड़ का शाहपुरा प्रतिनिधि मंडल ने किया सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(नरेश धाकड़)।** जाबदा निवासी हेमा धाकड़ का आरएएस में चयन होने पर बुधवार को शाहपुरा के प्रतिनिधि मंडल ने बिजौलिया पहुंचकर सम्मान किया।

अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के प्रवक्ता कमलेश धाकड़ ने बताया कि धाकड़ प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के तहत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल धाकड़ ने जाबदा पहुंचकर हेमा धाकड़ का सम्मान



किया।

इस दौरान हेमा धाकड़ एवं परिवार का अयोध्या मॉडल का छायाचित्र, श्रीफल, दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर पूरे परिवार का अभिनंदन किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल धाकड़ ने कहा कि समाज की बेटी हेमा ने अथक मेहनत, परिश्रम और लगन से यह सफलता हासिल कर सर्वसमाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। वहीं, हेमा धाकड़ ने कहा मेरा उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि राष्ट्र और गरीबों की सेवा करना है।

कार्यक्रम में रामेश्वर लाल धाकड़, सुगना धाकड़, जीतमल धाकड़, रसीला धाकड़, गोपाल धाकड़, कमलेश धाकड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### आचार्य प्रवर गुरुदेव सुदर्शनलाल मसा आदि ठाणा का काशीपुरी पानगडिया निवास पर हुआ मंगल प्रवेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



आचार्य प्रवर गुरुदेव सुदर्शनलाल मसा आदि ठाणा का बुधवार काशीपुरी स्थित पानगडिया निवास पर मंगल प्रवेश हुआ। गुरुदेव के आगमन पर श्रावक-श्राविकाओं ने जयघोष करते हुए स्वागत किया ।

मंगल प्रवेश के बाद शीतल स्वाध्याय भवन में आयोजित प्रवचन में गुरुदेव ने कर्म सिद्धांत, प्रत्याख्यान और प्रायश्चित के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रायश्चित जीवन को सकारात्मक दिशा देता है और रात्रिभोजन त्याग स्वास्थ्य व संयम दोनों के लिए उत्तम है।

साध्वी ज्ञानकंवर मसा आदि ठाणा ने भी अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मानकचंद पीपाड़ा ने किया।

इस अवसर पर मसूदा संघ 2026 ने गुरुदेव के समक्ष चतुर्मास की वितनी अर्पित की। संघ अध्यक्ष गजराज नाहर, मंत्री पारस मल गांग, उपाध्यक्ष हुकमीचंद डोसी सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

### संगिनी जेएसजी का क्रिकेट व गेम्स कार्निवल सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा द्वारा निजी फार्म हाउस पर क्रिकेट एवं गेम्स कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसे भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत को समर्पित किया गया। अध्यक्ष पुष्पा गोखरू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और युवा पीढ़ी में खेल भावना को बढ़ावा देना रहा । कार्यक्रम में वन मिनट गेम, कार्ड गेम, रिंग गेम सहित कई मनोरंजक गतिविधियों का संचालन हुआ । कार्यक्रम किरण मेहता, रितु संखला, अनीता डांगी, ममता खटोड़, उर्मिला जैन, श्वेता भाटिया, पूर्णिमा द्वारा किया गया।

प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इसके बाद फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया, जिसका नेतृत्व सोनल मेहता और रजनी डोसी ने किया। सभी ने शानदार खेल भावना दिखाई।अंत में दिल्ली विस्फोट के दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संगिनी पदाधिकारी पुष्पा गोखरू, प्रमिला गोखरू, मनिषा, कोषाध्यक्ष शकुंतला सांखला, सोनल मेहता ने सभी बहनों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में एकता ओस्तवाल, निर्मला बुलिया, अरुणा पोखरना, निर्मला दोशी, नैना छाजेड़, ज्योति सूर्या सहित कई बहनें उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# वृक्षारोपण से ही बनाए रखा जा सकता है पर्यावरण का संतुलन : विधायक अशोक कोठारी

## महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण टीम द्वारा जारी मिशन ऑक्सीजन पेम्पलेट का विधायक कोठारी ने किया विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एक पेड़ मां के नाम अभियान भी इसी उद्देश्य को लेकर चल रहा है। विधायक कोठारी ने अपने कार्यालय में महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण टीम द्वारा जारी मिशन आक्सीजन पेम्पलेट का विमोचन करने के बाद सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

इस मौके पर महावीर इंटरनेशनल क्वींस पर्यावरण टीम की सहमंत्री प्रीति सिंह ने कहा कि वर्तमान में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आने वाली पीढ़ी को सरलता से आक्सीजन मिले, इस हेतु महावीर इंटरनेशनल वृक्षारोपण एवं मृदा संरक्षण अभियान चला रहा है। अभियान के अंतर्गत विश्व मृदा दिवस 5 दिसंबर के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता व अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आज इसके पेम्पलेट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल क्वींस की मार्गदर्शिका साधना, अध्यक्ष किरण बापना, सचिव दीपिका पाटनी, सहकोषाध्यक्ष वंदना पालीवाल, सहमंत्री प्रीति एवं कार्यकारिणी सदस्य नीता जैन, पिंकी सोनी, अर्पिता व विजया मेहता उपस्थित थी।

# कर्मचारियों की बढ़ती मानसिक प्रताड़ना पर रोक व पीड़ित परिवारों को सहायता की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवारी।** प्रदेशभर में कर्मचारियों पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव और मानसिक प्रताड़ना के मामलों को लेकर कर्मचारियों के संगठनों में गहरी नाराजगी है। इसी क्रम में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जयपुर व जिला इकाई के आह्वान पर बुधवार को क्षेत्रिय प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी अजय सिंह राठौड़ के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष उदयलाल कोली ने किया।

कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि कार्यस्थल पर बढ़ते दबाव और प्रताड़ना के कारण कर्मचारी मानसिक रूप से टूट रहे हैं, और इसी तनाव के चलते हाल ही में दो संवेदनशील घटनाएँ सामने आई शाहपुरा भीलवाड़ा के ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा और झोटवाड़ा जयपुर के शिक्षक एवं बीएलओ मुकेश कुमार जांगिड़ द्वारा की गई आत्महत्या। प्रतिनिधियों ने इसे प्रशासनिक असंवेदनशीलता का नतीजा बताते हुए दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग रखी। संघ ने दोनों दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को न्यूनतम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी दिशा निर्देश बनाने पर जोर दिया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि कर्मचारियों को राजकीय अवकाश के दिनों में अनावश्यक कार्यों में न लगाया जाए, ताकि वे मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक संघ से ललित कुमार धाकड़, राधेश्याम बलाई, हिमांशु कोली, शिक्षक संघ पदाधिकारी एवं कई बीएलओ मौजूद रहे।

# विधायक कोठारी ने बास्केटबॉल ग्राउंड का किया अवलोकन, राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर विधायक अशोक कोठारी ने नगर निगम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड का दौरा किया और अप्रैल में आयोजित होने वाली नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक कोठारी ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने ग्राउंड की वर्तमान स्थिति का भी बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजय भंडारी, संरक्षक प्यारेलाल खोईवाल और लक्ष्मी नारायण डाड ने विधायक कोठारी और अन्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संघ के पदाधिकारियों ने विधायक कोठारी को अवगत कराया कि नेशनल टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए ग्राउंड में कुछ आवश्यक सुधार कार्य अपेक्षित है। जिसके लिए उन्होंने विधायक कोठारी से इन कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृति प्रदान करवाने का आग्रह किया। संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों की मांगों पर विधायक अशोक कोठारी ने तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि भीलवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का आयोजन गौरव की बात है। बास्केटबॉल ग्राउंड के संबंध में जो भी अपेक्षित कार्य हैं, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएँ मिल सकें। इस मौके पर मनोज, संजय राठी, कमल कोठारी, हिमांशु शुक्ला सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता सहित कई खेल प्रेमी भी उपस्थित रहे ।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में तेजी, अब तक 7.93 लाख गणना प्रपत्र डिजिटाइज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची सत्यापन का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।

बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं और इन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक जारी रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में गणना प्रपत्रों को तेजी से डिजिटाइज किया जा रहा है और बुधवार शाम 4 बजे तक कुल 7,93,808 गणना प्रपत्र डिजिटल रूप से दर्ज किए जा चुके हैं। सिंधू ने मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाकर पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग करें।

जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अब तक डिजिटाइज किए गए फॉर्मों की संख्या इस प्रकार है , आसींद 1,36,162, मांडल 1,18,352, सहाड़ा 1,19,573, भीलवाड़ा 65,517, शाहपुरा 1,22,737, जहाजपुर 1,06,508 और मांडलगढ़ 1,24,959 है ।

बुधवार को ही जिले में 1,21,765 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए। आसींद में 20,827, मांडल में 16,988, सहाड़ा में 17,918, भीलवाड़ा में 15,567, शाहपुरा में 16,218, जहाजपुर में 17,865 और मांडलगढ़ में 16,382 फॉर्म ऑनलाइन सत्यापित किए गए।

मतदाताओं के लिए गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक मतदाता वोटर पोर्टल पर जाकर स्वयं अपना फॉर्म भर सकते हैं।

# झोलाछाप डॉक्टर का भंडाफोड़: अवैध क्लिनिक सीज, 50 हजार की संदिग्ध दवाइयाँ जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) उपखंड क्षेत्र के नापाखेड़ा ग्राम में एक अवैध क्लिनिक पर चिकित्सा विभाग ने कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सीज कर दिया और करीब 50 हजार रुपये की संदिग्ध दवाइयाँ जब्त कीं। यह कार्रवाई उस समय की गई जब फर्जी डॉक्टर के इलाज से एक महिला की तबीयत बिगड़ गई।

मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता चिकित्सा टीम और पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुँचे। क्लिनिक संचालक से लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और दवाइयों के खरीद बिल मांगे गए, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्लिनिक को सीज कर दवाइयाँ जप्त कर ली गई।

क्लिनिक लंबे समय से बिना किसी अनुमति के इलाज कर रहा था। जिस महिला की तबीयत बिगड़ी थी, उसे परिजनों ने गंभीर हालत में देवली अस्पताल में भर्ती कराया है। जांच में यह भी सामने आया कि क्लिनिक में प्रतिबंधित गर्भनिरोधक गोलियाँ और अन्य हाई-डोज दवाइयाँ भी बेची जा रही थीं। इन दवाइयों के गलत उपयोग से महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है।

वर्तमान में क्षेत्र में कई झोलाछाप बिना प्रशिक्षण और बिना लाइसेंस के इलाज का काम कर रहे हैं। ये लोग मरीजों को एंटीबायोटिक, स्टेरॉयड और मिलावटी दवाइयाँ देकर स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

## QUICK BITES

### राजेश पाटनी बने उपभोक्ता कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।



उपभोक्ता कल्याण समिति, राज. के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन ने प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू की सहमति से राजेश पाटनी को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश पदाधिकारियों ने पाटनी को निर्देशित किया कि शीघ्र ही सक्रिय सदस्यों को संस्था से जोड़ कर जिला कार्यकारिणी का गठन करें ताकि उपभोक्ता हितों के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सके। पाटनी के मनोनयन पर संस्था सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी समिति के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने दी।

### सरदार वलभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा 21 को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सरदार वलभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष पर सरदार 150 पदयात्रा 06 अक्टूबर से 06 दिसंबर तक एकता मार्च अभियान के रूप में शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत 21 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन महेश पब्लिक स्कूल, स्पोर्टस ग्राउड से अम्बेडकर सर्किल तक किया जाएगा।

जिले में सरदार वलभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2.30 बजे महेश पब्लिक स्कूल, स्पोर्टस ग्राउड से किया जायेगा। पदयात्रा महेश पब्लिक स्कूल, स्पोर्टस ग्राउड से रोडवेज बस स्टैण्ड, नेहरू रोड, दुधाधारी मंदिर, शहिद चौक, बड़ा मंदिर, भीमगज थाना, गांधी बाजार चौराहा, सूचना केन्द्र चौराहा, गोल प्याउ चौराहा, अम्बेडकर सर्किल पर पदयात्रा समाप्त होगी।

### भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, संत दिग्विजयराम महाराज के आशीर्वचनों से श्रोतागण हुए अभिभूत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



कास्ट परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। संत दिग्विजयराम महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित पावन हरि-कथा सुनकर श्रोताओं को अद्भुत आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति हुई। कथा के दौरान महाराज ने धर्म, भक्ति और जीवन मूल्य पर आधारित प्रेरणादायी संदेश दिए। आयोजन स्थल पर दिव्य वातावरण बन गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कास्ट परिवार द्वारा किए गए इस भव्य आयोजन की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, नगरपालिका चेयरमैन संजय डांगी, वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर गट्टाणी, पार्षदा अनीता सुराणा, नीलकमल पटवा, राकेश ओस्तवाल, मनोज सनाढ्य, निर्मल भंडार, मनोज आंचलिया सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### कथामंच पर गूंजे प्रभु-स्मरण के संदेश, पंडित प्रेमनारायण ने बताया नाम का सहारा ही जीवन का आधार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।





कल्याणपुरा में चल रही सात दिवसीय कथा के दौरान पंडित प्रेमनारायण ने प्रभु-भक्ति और नाम-स्मरण के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए। उन्होंने कहा कि हर शुभ कार्य की शुरुआत भगवान के नाम से करने वाला व्यक्ति न केवल सफलता बल्कि आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि यात्रा हो, दिन की शुरुआत हो या कोई महत्वपूर्ण कार्य अगर मन में प्रभु का स्मरण हो तो भगवान हर दिशा से रक्षा करते हैं। पंडित प्रेमनारायण ने यह भी कहा कि सोते समय भगवान का नाम लेने से पूरी रात आठों याम नाम-जप होता रहता है, जिससे मन, बुद्धि और विचार अपने आप निर्मल हो जाते हैं। ठाकुरजी की कृपा से असंभव दिखने वाले कार्य भी सहजता से सिद्ध हो जाते हैं। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा का समापन गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।